(a) what percentage of shortfall in the monsoon rainfall is anticipated;

(b) what percentage of shortfall in the production of kharif crop in the country is anticipated as a result thereof;

(c) whether, keeping in view the drought conditions in various parts of the country, Government have done any alternative advance crop planning to mitigate the impact of weather aberrations; and

(d) if so, what are the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI MULLAPPALLY RAMACHANDRAN): (a) According to the long range forecast made by IMD, the total quantum of monsoon, '92, rainfall over the country as a whole is likely to be 92 per cent of the long period average value with the estimated model error within 4 per cent.

(b) Sowings of kharif crops including transplantation of paddy is in progress in most of the States. The likely production of kharif crops during 1992-93 will depend upon the behaviour of monsoon in the coming weeks. At this stage it is too early to estimate the likely production of kharif crops.

(c) and (d) Ministry of Agriculture has formulated a Contingency Crop Plan (CCP) to face the situations arising out of delayed on-set of monsoon, inter spell of dry period, early with-drawal of monsoon and heavy rains causing floods at each stages of crop growth. The main objective of CCP is to minimise the loss in production of agriculture commodities in adverse climatic conditions. These have been forwarded to State Governments for their guidance. The CCP contemplates measures including ensuring availability of planting material, electricity to farmers for irrigation and water budgeting.

उत्तर प्रदेश में गन्ने की खेती वाले क्षेत्र

861. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश में प्रत्येक वर्ष कुल कितने भू-क्षेत्र पर गन्ने की खेती की गई ;

(ख) क्या उक्त अवधि के दौरान गन्ने के अनुसंधान और विकास के लिए उत्तर प्रदेश को कोई सहायता उपलब्ध कराई गई है ;

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ; और

(घ) गन्ना-उत्पादकों को उनके उत्पादन का लाभकारी मूल्य मिले इसे सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या प्रयास किए गए हैं ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन) : (क) पिछले तीन वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश में गन्ने की खेती के तहत क्षेत्र निम्नवत् हैं :—

(लाख हैक्टेयर में)

1988–89	17.61
1989–90	17.61
1990–91	18.56

1991–92 के लिए गन्ने के तहत क्षेत्र के अंतिम अनुमान अभी राज्य सरकार से प्राप्त किये जाने हैं ।

(ख) जी, हां ।

(ग) 1988–89 से 1990–91 की अवधि के दौरान उत्तर प्रदेश में स्थित अनुसंधान संस्थानों/गन्ना उपक्रमों को गन्ना के अनुसंधान और विकास हेतु गन्ना विकास निधि से निम्नलिखित धनराशि मंजूर की गई है :—

क्रमांक	संस्था/गन्ना उपक्रम का नाम	राशि (लाख रुपये में)
1.	मैसर्स गोंदा सिंह, गन्ना प्रजनन तथा अनुसंधान संस्थान, सेओराही जिला देवरिया, उत्तर प्रदेश	604.91
2.	मैसर्स सिम्भाओली सुगर कम्पनी लिमिटेड, सिम्भाओली, जिला-गाजियाबाद (उ. प्र.)	45.48
	कुल :	650.39

उपर्युक्त के अलावा, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद भी अखिल भारतीय समन्वित परियोजना तथा गन्ने की खेती अपनाने संबंधी अनुसंधान परियोजना के तहत गन्ना अनुसंधान हेतु निधि देता रहा है। विवरण संलग्न है। (नीचे देखिए)

(घ) गन्ने का सांविधिक न्यूनतम मूल्य 1991–92 के लिए 26 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है तो जो उच्च वसूली के लिए समानुपातिक प्रीमियम के साथ 8.5 प्रतिशत या इससे अधिक की मूल वसूली से जुड़ा हुआ है। बहरहाल 1991–92 के दौरान उत्तर प्रदेश में गन्ना के कारखानों द्वारा दिया गया वास्तविक मूल्य प्रति क्विंटल 41/– रुपये से 48/– रुपये के बीच था।

विवरण

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा 1989–90 से 1991–92 के दौरान अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना तथा गन्ना की खेती अपनाने से संबद्ध अनुसंधान परियोजना के तहत गन्ना अनुसंधान के लिये दी गई निधि।

(धन राशि रुपये में)

	1989–90	1990–91	1991–92
(क) अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना			
1. जी. बी. पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर	1,12,750	1,89,350	2,22,350
2. भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ	35,300	24,800	62,226
3 उत्तर प्रदेश गन्ना अनुसंधान परिषद, शाहजहांपुर	98,500	1,22,400	1,72,211
(ख) गन्ना अनुकूली अनुसंधान परियोजना			
1. उत्तर प्रदेश गन्ना अनुसंधान परिषद, शाहजहांपुर	61,28,980	1,36,81,000	1,53,36,580
2. एन. डी. यू. ए. एंड टी. फैजाबाद	10,19,160	25,42,640	37,71,480
3. जी. बी. पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर	5,09,580	12,71,320	18,85,740
4. भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ	15,09,220	28,74,120	22,96,580